एफ 2.11-2/ क्षे. का. पुणे/राजभाषा/हिंदी गतिविधि/2023 दिनांक: 06/12/2023

रिपोर्ट : क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे में नवंबर माह की हिंदी गतिविधि का आयोजन

मुख्यालय के परिपत्र संख्या फा सं. 12/केमाशिबो/हिंदी प्रकोष्ठ/2023/7000-7060 दिनांक 20/07/2023 तथा परिपत्र संख्या फा सं. 12/केमाशिबो/हिंदी प्रकोष्ठ/2023/7790-7875 दिनांक 20/10/2023 के आलोक में क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी गतिविधि का मासिक आयोजन किया जाना अपेक्षित है। इसके अनुपालन में तथा हिंदी साहित्यकारों- गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. हरिवंश राय बच्चन के जन्मदिवस एवं जयशंकर प्रसाद, शिवमंगल सिंह 'सुमन', मुकुटधर पाण्डेय, कुंवर नारायण, नरेश मेहता, वैद्यनाथ मिश्र 'नागार्जुन' की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में दिनांक 30/11/2023 को क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे में हिंदी गतिविधि का आयोजन किया गया।

हिंदी गतिविधि कार्यक्रम में उपर्युक्त साहित्यकारों के रचना-कर्म पर संक्षिप्त चर्चा की गई तथा साहित्य में उनके योगदान को स्मरण किया गया। तदुपरांत निम्नलिखित कर्मचारियों ने हिंदी कविता/काव्यांश वाचन प्रस्तुत किए:

क्रमांक	कर्मचारी का नाम व पदनाम	प्रस्तुति विवरण
1.	श्रीमती कविता मल्होत्रा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	वैद्यनाथ मिश्र 'नागार्जुन' कृत कविता: 'आओ रानी, हम ढोएंगे पालकी'
2.	श्री मनीष राणा, वरिष्ठ सहायक	हरिवंश राय बच्चन कृत कविता: 'जो बीत गई, सो बात गई'
3.	श्री आकाश बौद्ध, कनिष्ठ सहायक	जयशंकर प्रसाद कृत महाकाव्य 'कामायनी' से काव्यांश

सहायक सचिव (राजभाषा) ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से आग्रह किया कि हिंदी प्रकोष्ठ, मुख्यालय के अनुदेशों के अनुसार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों के आलोक में आलेख/पुस्तक लेखन करने का प्रयास करें। कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती कविता मल्होत्रा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी श्री प्रवीण, कनिष्ठ सहायक ने किया।

वि.भारती

(विश्व भारती भट्ट)
सहायक सचिव (राजभाषा)
क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे